E-Mail Date: 3/6/2025 Time: 5:12 PM

E-Office 15 MAY 2025

मध्य प्रदेश शासन
वन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल
//आदेश//

भोपाल, दिनांक **13-05-2025**

क्रमांक: **6/2/0015/2024-Sec-1-10** :: श्री विपुल प्रभात करोरिया, वनक्षेत्रपाल, वन परिक्षेत्र अधिकारी, जावद, वन मंडल नीमच (म.प्र.) द्वारा लासूर में राजस्व भूमि को वन भूमि बताये जाने पर आयुक्त उज्जैन, संभाग उज्जैन द्वारा आदेश दिनांक **06.06.2024** से निलंबित कर दिनांक **18.07.2024** द्वारा आरोप-पत्र जारी किये गये थे, जिसके विरूद्ध श्री करोरिया, वनक्षेत्रपाल द्वारा राज्य शासन के समक्ष अपील दिनांक **23.07.2024** को प्रस्तुत की गई।

2/ लासूर वनखण्ड के प्रश्नाधीन विवादित क्षेत्र की भारतीय वन अधिनियम की धारा 20 की अधिसूचना त्रुटिपूर्ण जारी की गई थी एवं श्री करोरिया, वनक्षेत्रपाल द्वारा अधिसूचना का पालन नियमानुसार कराया जा रहा था। श्री करोरिया, वनक्षेत्रपाल को आयुक्त उज्जैन, संभाग उज्जैन द्वारा आदेश दिनांक **02.08.2024** द्वारा निलंबन से बहाल कर यथावत पदस्थ किया गया। स्पष्टत: श्री करोरिया, वनक्षेत्रपाल की इसमें कोई त्रुटि नहीं पाई जाने के फलस्वरूप आयुक्त उज्जैन, संभाग उज्जैन का निलंबन उपरांत आरोप-पत्र जारी किया जाना नियमों के विपरीत पाया गया।

3/ अत: राज्य शासन एतदद्वारा श्री करोरिया, वनक्षेत्रपाल द्वारा प्रस्तुत अपील मान्य करते हुये श्री करोरिया, वनक्षेत्रपाल के विरुद्ध संस्थित विभागीय जांच प्रकरण इसी स्तर पर समाप्त कर नस्तीबद्ध करता है तथा निलंबन अवधि को सेवा अवधि मान्य करता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

Digitally signed by
MOHIT BUNDAS
Date: 13-05-2025
18:56:00

**ADDITIONAL SECRETARY**
मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा.-II)
मध्यप्रदेश, भोपाल

429
27/5/25

3807
22-5-25

पृ. क्रमांक: **6/2/0015/2024-Sec-1-10** भोपाल, दिनांक **13-05-2025**

प्रतिलिपि-

1. अपर मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेश।
2. स्टॉफ ऑफिसर, अपर मुख्य सचिव, वन विभाग, मंत्रालय, भोपाल।

APCCF (Adm II)

PCCF & HoFF, M.P. Bhopal
15-5-25

लिपिक/कर्मचारी का नाम
श्री ...

अ.प्र.मु.व.स. (सू.प्रौ.)

3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, म.प्र., वन भवन, भोपाल।
3. आयुक्त उज्जैन, संभाग उज्जैन, (म.प्र.)।
4. मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त उज्जैन, (म.प्र.)।
5. वनमंडलाधिकारी, वनमंडल, नीमच (म.प्र.)।
6. संबंधित- श्री विपुल प्रभात करोरिया, वनक्षेत्रपाल द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, म.प्र., वन भवन, भोपाल।

ADDITIONAL SECRETARY
मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख म0प्र0 भोपाल.

पृ0क्रमांक / प्रशा–।।/ स्था–3 / व.क्षे.कक्ष / 2994 भोपाल,दिनांक 07/05/25

प्रतिलिपि

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सूचना प्रौद्योगिकी) भोपाल ।
2. मुख्य वन संरक्षक, उज्जैन।
3. वनमंडलाधिकारी, सामान्य वनमंडल नीमच, म.प्र.।
4. श्री विपुल प्रभात करोरिया, वनक्षेत्रपाल द्वारा संबंधित नियंत्रणकर्ता अधिकारी के माध्यम से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित कर लेख है श्री विपुल प्रभात करोरिया वनक्षेत्रपाल को प्रति तामिल कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

(संजय पाठक)
उप वन संरक्षक (प्रशा–।।)
कार्या. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा–।।)
मध्यप्रदेश भोपाल